संक्षिप्त

उर्स कूल की रस्म के साथ सम्पन

मनोहरपुर। चौमू रावण गेट मोहल्ला नागोरियान में सूफी मुंशी बुर्हान उल्ला का 3 दिवसीय वार्षिक उर्स 5 अक्टूबर रविवार को कूल व लंगर के साथ विधिवत सम्पन्न होगा! मोहम्मद फिरोज़ (गद्दीनाशीन) सूफ़ी मुंशी बुरहानउल्ला साहब ने बताया कि 3 अक्टूबर शुक्रवार 2025 को सुबह कुरआन ख़्वानी के साथ मे उर्स का आगाज़ हुआ इसी के साथ मे हिन्दू मुस्लिम जायरिनों का आना प्रारम्भ हुआ रात्रि 10 बजे बाद में मिलादुन्नबी कमेटी चौमू के द्वारा मिलाद शरीफ हुई जिसमे खुदा के हुकम व मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही गई!

दो फरार वांछित गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वृत्ताधिकारी देवली रामसिंह एवं घाड थानाधिकारी के नेतृत्व मे गठित टीम ने थाने में दर्ज प्रकरण बीएनएस एवं पोक्सो एक्ट में वांछित आरोपी महावीर पुत्र घासी लाल गुर्जर उम्र 38 साल निवासी खजूरिया थाना सदर टोंक हाल चारनेट थाना घाड़ को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में आरोपी से पूछताछ के बाद आज न्यायालय में पेश किया जायेगा इसी प्रकार वृत्ताधिकारी पीपलू के सुपरविजन में थानाधिकारी झिराना द्वारा गठित टीम ने थाने में दर्ज प्रकरण में एक माह से फरार चल रहे आरोपी हरफूल पुत्र हीरालाल बैरवा उम्र 34 साल निवासी नयाटीला थाना झिराना को को गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश किया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

प्रतियोगिता में जीते सिल्वर मेडल

निवाई। बूंदी में आयोजित क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने रजत पदक प्राप्त करके निवाई का नाम रोशन किया है। टीम प्रभारी रामजीलाल गुर्जर व पवित्रा शर्मा ने बताया कि प्रधानाचार्य गोविंदनारायण शर्मा के कुशल निर्देशन में बहिन निशा गुर्जर ने 3000 मीटर दौड़, बहिन अंजलि गुर्जर ने 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ व बहिन पायल गुर्जर ने हैमर थ्रो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रजत पदक जीता है। विजेता खिलाड़ियों को विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गोविंदकुमार व प्रांत खेल सह प्रमुख महावीरप्रसाद ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

कन्हैयालाल सिरस बने जांगिड़ समाज के अध्यक्ष

निवाई। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील निवाई के कन्हैयालाल जांगिड़ सिरस निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। तहसील शाखा के प्रेमप्रकाश खंडवा ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु चुनाव पर्यवेक्षक महावीर प्रसाद जांगिड़ व राजेन्द्रकुमार जांगिड़ की देख-रेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि चुनावी बैठक में समाज के लोगों ने निर्विरोध चुनाव करने पर सहमति जताई। इसके बाद पूर्व जिलाध्यक्ष बद्रीलाल बिडोली ने कन्हैयालाल जांगिड़ सिरस का नाम प्रस्तावित किया। जिसका वहां उपस्थित सभी लोगों ने समर्थन किया। इसके बाद चुनाव पर्यवेक्षकों ने कन्हैयालाल सिरस के निर्वाचन की घोषणा की।

अवैध शराब परिहवन मामले में आरोपी गिफ्तार

टोंक। अति. पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह भाटी के निर्देशन में वृत्ताधिकारी पीपलू अरविन्द कुमार एवं थानाधिकारी पीपलू के नेतृत्व में गठित टीम ने अवैध शराब प्रकरण में कार्यवाही करते हुए पीपलू क्षैत्र के ग्राम बावड़ी से अवैध शराब रखने व बेचने के आरोप में आरोपी रामपाल पुत्र छीतर खटीक उम्र 42 साल निवासी बावड़ी थाना पीपलू को गिरफ्तार किया जाकर व उसके कब्जे से 9 बीयर की बोतल, 78 पव्वे अवैध देशी सादा शराब व 44 पव्वे अग्रेंजी शराब के जब्त कर एक्साईज एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'मोदी के नेतृत्व में हम ऐसे भारत का निर्माण करना चाहते हैं, जो आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी हो'

अलवर में लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्य मंत्री संजय शर्मा, एसपी व विधायक।

■ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव तथा राज्यमंत्री संजय शर्मा ने लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में शिरकत कर 672 पीएचडी, स्नातकोत्तर और स्नातक विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित की

अलवर। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने रविवार को प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में शिरकत कर कुल 672 पीएचडी, स्नातकोत्तर और स्नातक विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। इस दौरान विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले टॉपर छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर भी सम्मानित किया गया।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी के डिग्रीधारियों ने विभिन्न विषयों में अच्छे कार्य किए हैं, इन कार्यों को आगे बढ़ाते हुए अपने-अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, चरित्र एवं शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमें मूल्य आधारित जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि असफलता से सीख लेकर कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त करें। उन्होंने परफेक्शन से कार्य करने की सीख देते हुए कहा कि जो सोच उसको अमल में अवश्य लाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में आगे बढ़ाने के लिए कंफर्ट जोन से निकलकर कठिन मेहनत करनी चाहिए।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उच्च संस्थान से डिग्री प्राप्त करने के बाद आप सभी अपने-अपने मुकाम को हासिल करें। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर शहर सहित लोकसभा क्षेत्र को स्वच्छता में सर्वोच्च स्थान दिलाने तथा पानी की समस्या के स्थाई समाधान की तरफ कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा मिल सके, इसके लिए केंद्रीय मंत्री यादव ने जिले 106 नई ई-लाइब्रेरी खोलने का काम किया है।दीक्षांत समारोह में बहरोड़ विधायक डॉ जसवंत यादव, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महासिंह चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, लॉर्ड्स विश्वविद्यालय के चेयरमैन मनोज चाचान, मुख्य वित्तीय अधिकारी अटल चाचान, कुलपति प्रो. बी.एस. शर्मा, कुलसचिव डॉ. पंकज अरोड़ा, मिताली गोयल, डॉ नितिन मित्तल, मंजू यादव, घनश्याम गुर्जर, सतीश यादव, इंद्रजीत पाटा, राजेंद्र कसाना, पं. जेल सिंह सहित प्रबुद्ध नागरिक जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इसके अलावा केंद्रीय मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने हसन खां मेवात नगर के सेंट्रल पार्क में प्रातः कालीन भ्रमण के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

बैठक आयोजित

टोंक। मुख्यालय के एक निजी फार्म हाउस पर प्रदेश स्तरीय धोबी समाज के प्रमुख संगठनों की संयुक्त बैठक का आयोजन प्रदेशाध्यक्ष प्रभु बाडोलियां के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में संगठनो द्वारा मंथन कर एक संयुक्त मोर्चा बनाने एव बैठक में सभी संगठनों ने प्रदेश में एक साझा कार्यक्रम में सहमति देते हुए, संयुक्त मोर्चा धोबी समाज के नाम पर ब्लॉक जिला, राज्य स्तर पर मिलकर काम करने पर सहमति बनी। बैठक में संगठनो ने समाज के उत्थान के लिए सभी संगठन एकता से कार्य करने पर चर्चा हुई तथा सूचना एकिकरण के प्रदेश महासचिव बद्री लाल तंवर ने बताया कि सभी संगठनो के प्रदेशाध्यक्ष स्वतंत्र रूप से अपने अपने संगठनों के लिउए कार्य भी करते रहेगें।

इस अवसर पर कल्याण तितरिया, जगदीश चौहान, सूजी लाल पंवार एकिकरण व सर्व समाज से गोपाल कंडावरिया, सुनिता बाबिया, पुष्कर महासभा से पूनम बारिया, उडान से श्याम गोवर्धन, शंभु दोहडिया, विश्व रजक महासंघ से गजेंद्र अखरिया, आरडीएम से रमेश, पंकज, एवं सभी संगठनों के बैठक में 5-5 सदस्यों ने भी अपने अपने विचार रखे।

कांग्रेस का 'संगठन सजृन अभियान' बना औपचारिकता

■ कार्यकर्ताओं की अनदेखी, वरिष्ठ नेताओं को तवज्जों

दौसा। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जहां एक ओर कांग्रेस संगठन को नीचले स्तर पर सक्रिय करने, सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित स्थान एवं पद देने के लिए पूरे देश में मुहिम चला रहे है, वही दूसरी ओर राहुल गांधी की इस मुहिम ने दौसा जिले में दम तोड दिया है तथा संगठन सृजन अभियान के नाम पर बैठकों का आयोजन कर महज औपचारिकता की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस को लगातार मिल रही करारी हार के बाद कार्यकर्ताओं एवं जान फूंकने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सम्पूर्ण देश में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस सगठन को नीचले स्तर पर सक्रिय करने तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित स्थान एवं पद देने तथा निष्क्रिय पदाधिकारियों को संगठन से दूर करना है। ये अभियान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल के निर्देश पर चला जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने दौसा जिले में भी संगठन सृजन अभियान के लिए वरिष्ठ नेता अनिल भारद्वाज को पर्यवेक्षक, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा को सह संयोजक, देश राज मीणा तथा बेनीप्रसाद कटारिया को तैनात किया गया है।

बताया जाता है कि दौसा जिले में संगठन सृजन अभियान महज औपचारिकता बनकर रह गया है। जिला एवं ब्लॉक स्तरों पर बैठकों का आयोजन तो किया जा रहा है लेकिन इस बैठको में कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के स्थान पर बडे नेताओ से रायशुमारी की जा रही है तथा उनके भाषण कराये जा रहे है। जबकि इस अभियान के तहत प्रत्येक ब्लॉक एवं नगर स्तर पर बैठकों का आयोजन कर कार्यकर्ताओं से जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष तथा बूथ प्रभारियों पर आम सहमति बनानी है। आम सहमति के स्थान पर बैठको में स्वागत सत्कार एवं नेताओं को भाषण कराये जा रहे है कार्यकर्ताओ से रायशुमारी तक नही की जा रही है। उधर जिला स्तरीय बैठक में पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने जिला अध्यक्ष एवं लोकसभा क्षेत्र की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा को अधिकृत किये जाने की मांग रखकर सबको चौका दिया है।

पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा के एक लाईन के इस प्रस्ताव के बाद अधिकांश कार्यकर्ताओं के चेहरे मायूस हो गये है तथा पिछले कई वर्षो से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं से बैठको से मुंह मोड लिया है। कार्यकर्ताओं ने दबी जबान से कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस संगठन को सक्रिय करना चाहते है, लेकिन स्थानीय नेता संगठन को अपनी कठपूतली बनाकर अपने चहेते लोगो को संगठन में जिम्मेदारी देने क मुहिम में लगे हुये है तथा बैठको के नाम पर महज खानापूर्ती की जा रही है।

घटिया सामग्री से हो रहे पीएससी निर्माण का किया विरोध

अलवर। अलवर ककराली जाट मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएससी) का निर्माण एक फर्म द्वारा किया जा रहा है ग्रामीणो नें विरोध कर घटिया सामग्री से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण रुकवाया ग्रामीणो मे सतवीर मीणा भगवान सहाय सुरेंद्र सुखराम गोपाल मोहनलाल रामजीलाल संजय पंच नें बताया कि ठेकेदार द्वारा घटिया बजरी व घटिया सीमेंट व ईंट द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्रामीण मिलकर अलवर जिला कलेक्टर को देंगे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिस ठेकेदार का काम चल रहा है व ठेकेदार अपने आप को रसूखदार व बड़ी पहुंच वाला बताकर ग्रामीणों को भी धमकाता है ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार अपने आप को बड़ी पहुंच वाला बात कर कहता है काम तो ऐसे ही चलेगा जिसको जहां शिकायत करनी है कर दो मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता ग्रामीण ने बताया कि घटिया सामग्री से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण हमारे आने वाले बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

रामलीला में अहिरावण व रावण वध के प्रंसगो का रोमांचक मंचन

रामलीला में रावण वध की लीला का रोमांचकारी मंचन किया ।

■ श्री राम बने राजा, हुआ राज्याभिषेक, लोगो ने किए भव्य राम दरबार के दर्शन

पावटा। कस्बे मे आदर्श रामलीला मंडल पावटा के तत्वाधान में रामलीला मैदान में चल रही रामलीला के अंतिम पडाव मे अहिरावण व रावण वध की लीला का रोमांचकारी मंचन किया गया। वही 14 वर्ष बाद वापस अयोध्या लौटाने पर नंदीग्राम में भगवान राम का अपने भाई भरत से मिलन, अयोध्या पहुंचकर नगरवासियों से मिलन व अपनी माताओं से भेट व गुरु वशिष्ठ से आज्ञा पाकर भगवान राम को राजा बनाकर उनका राज्याभिषेक करने जैसे दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया व उनकी आंखों से अश्रुधारा बह निकली। इस दौरान मंचन में दिखाया गया कि मेघनाद की मृत्यु के बाद लंका मे शोक व्याप्त हो गया। लांकाधिपति रावण ने पाताल लोक से अहिरावण को सहायता के लिये बुलाया। अहिरावण ने हनुमान जी को मुर्छित करके भगवान राम व लक्ष्मण का अपहरण कर लिया। वह दोनो भाईयो को पाताल लोक ले गया। उधर राम व लखन के गायब होने से रामादल मे कोहराम मच गया। इस विकट समस्या के समाधान के लिये विभिषण व जामंवान व सुग्रीव ने एक बार फिर हनुमान जी को आगे किया। वीर हनुमान जी ने पाताल मे पहुंचकर अहिरावण का वध कर दिया ।

निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 112 मरीजों का सफल ऑपरेशन

■ मोतियाबिन्द के ऑपरेशन एवं लैन्स प्रत्यारोपण निःशुल्क किये

शाहपुरा। स्वर्गीय रावधीर सिंह स्मृति सेवा मंडल शाहपुरा के तत्वाधान में संस्था संरक्षक जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के सानिध्य में एवं मेडिकल रीलिफ सोसायटी, राजकीय उप जिला चिकित्सालय शाहपुरा द्वारा जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग से निःशुल्क लैन्स प्रत्यारोपण शिविर का उप जिला चिकित्सालय शाहपुरा में आयोजन हुआ। संस्था अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद योगी ने बताया कि इस दौरान शाहपुरा सहित आसपास के इलाकों से आए लगभग 270 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया जिस पर जांच करने के उपरांत 112 मरीजों का ऑपरेशन भ्रमणशील शल्य चिकित्सा ईकाई राजस्थान जयपुर के अनुभवी वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र खाडिया, डॉ. सिद्धेश गर्ग, डॉ. परनीत जाट, डॉ. गोपेश भारद्वाज आदि चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिन्द के ऑपरेशन एवं लैन्स प्रत्यारोपण निःशुल्क किये गये।

मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह एवं भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुष सिंह ने भर्ती मरीजों से मुलाकात करते हुए उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस अवसर पर रोगियों हेतु दवा, चश्में, भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था निःशुल्क की गई है। इस दौरान पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, नगर परिषद सभापति बंशीधर सैनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता नाथूलाल शर्मा, राधेश्याम सैनी, दिनेश कुमार शर्मा, मदन लाल सैनी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वीरों की गाथा एवं देशभक्ति भजनों में उमड़े श्रद्धालु

ग्रामीण क्षेत्र से श्रोताओं की भीड़ उमड़ी।

■ भजन सम्राट छोटूसिंह रावणा द्वारा वीरों की गाथा एवं देशभक्तिं भजनों की प्रस्तुतियां दी

निवाई। प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में वीरों की गाथा एवं देशभक्ति भजनों का आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय भजन सम्राट छोटूसिंह रावणा द्वारा वीरों की गाथा एवं देशभक्तिं भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिसको लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से श्रोताओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

भजन गायक छोटूसिंह रावणा ने ओ गोरा धोरा री धरती रो, तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना, जिसका मुझे था इंतजार वो घड़ी आ गई, तलवारों पर सर वार दिया, अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता, भक्तों के तुम भाग्य विधाता, श्रीराम जी के काज निहारों, तेरी मिट्टी में मिल जावा, गुल बनकर खिल जावा,सहित कई वीरों की गाथाएं एवं देशभक्ति भजनों की प्रस्तुतियां दी जिस पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई व नृत्य किया।

इस अवसर पर विधायक रामसहाय वर्मा, उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा, जयपुर पार्षद अंकित वर्मा, ओपी गुप्ता, परसराम कुमावत, गिर्राज चैधरी, मंगलराम मीणा, रमेश सैनी, संजय रैगर, शंकरलाल सैनी, रामविलाश बलाई, जीतू विजय, वंशप्रदीप पारीक, घासी अग्रवाल, कैलाश नटवाडा, मोला सेन, रतनदीप गुर्जर, मदनलाल वर्मा, राजेन्द्र चैधरी, मोहित संमति, जयनारायण कुमावत, लालचन्द सैनी, अविनाश पारीक, आनन्द पारीक, पवन शर्मा गुरूजी व जीतू धारवाल सहित कई पार्षद व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

रघुवीर व्यास बने अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के जिला अध्यक्ष

दौसा। अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ जिला दौसा के चुनाव रविवार को नेहरू गार्डन में चुनाव निर्वाचन अधिकारी मुकेश सैनी बगड़ी एवं पर्यवेक्षक अनिल शर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुये, जिसमें सर्व सम्मति से रधुवीर व्यास को जिला अध्यक्ष एवं परमानन्द शर्मा को जिला महामंत्री चुना गया।

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रधुवीर व्यास ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता संगठन को सक्रिय करना एवं प्रबोधको की विभिन्न समस्याओं का समाधान कराना होगा। जिले भर के प्रबोधको ने मेरे प्रति जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करुगा। नवनिर्वाचित जिला महामंत्री परमानन्द शर्मा ने कहा कि हमारा संगठन समय समय पर प्रबोधको की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए उचित प्लेटफॉर्म पर मांग करते आ रहे हैं।

सार-समाचार

विज्ञान मेला 7 से 9 अक्टूबर तक

दौसा। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद एवं आरएससीईआरटी उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत 7 से 9 अक्टूबर तक पीएमश्री श्री रामकरण जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौसा में जिला स्तरीय विज्ञान मेला 2025-26 का आयोजन किया जावेगा। आयोजक विद्यालय की प्राचार्या डॉ मनीषा शर्मा ने बताया कि इस सत्र में विज्ञान मेला ''विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी एवं गणित'' थीम पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर से मान्यता प्राप्त दौसा जिले की सरकारी एवं निजी विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थी जूनियर वर्ग में क्विज एवं मॉडल प्रतियोगिता में तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी सीनियर वर्ग में सेमिनार एवं मॉडल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विद्यालय स्तर के आयोजन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संभागी ही जिला स्तर पर भाग लेंगे। एक संभागी किसी एक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा।प्रतियोगिताओं में प्रस्तुति का माध्यम हिंदी/ अंग्रेजी होगा।

कल्याण धाम के लिए पदयात्रा रवाना

निवाई। श्री कल्याण पैदल यात्रा संघ के तत्वावधान में निवाई से 44वीं विशाल कल्याण धाम पदयात्रा गाजे- बाजे के साथ रवाना हुई। निवाई से श्री डिग्गी धाम के लिए विशाल पदयात्रा जुलूस के साथ रवाना हुई। पदयात्रा को जुलूस शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ डिग्गी के लिए रवाना हुआ। पदयात्रा में अखाडे वाले बालाजी के अखाडा कलाकार हेरतंगेज कारनामें दिखाते हुए चल रहे थे। युवा कल्याण महाराज के जयकारों के साथ डीजे के भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। पदयात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। इस अवसर पर सतीश चौधरी, राजेश चौधरी गुरुजी, कैलाशचन्द शर्मा, बाबूलाल माली, गोपाललाल पारीक, सीताराम कटारा, ग्यारसीलाल परिडवाल, सुभाष चौधरी, सत्यनारायण चौधरी एवं अशोक सेन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। पदयात्रा संघ के कपिल खंडेलवाल ने बताया कि सोमवार को सुबह 5 बजे पदयात्रा का बोरखंडी बालाजी मंदिर में अल्पाहार होगा। 10 बजे लावा स्कूल में प्रसादी एवं शाम को डिग्गी जाट धर्मशाला में महाप्रसादी व रात्रि विश्राम होगा। 7 अक्टूबर को सुबह 7 बजे डिग्गी में विशाल ध्वज जुलूस निकाला जाएगा एवं कल्याण महाराज के दर्शन करके सुबह 10 बजे जाट धर्मशाला में महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन

दौसा। पीएमश्री श्री रामकरण जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौसा में रविवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर्ड अवॉर्ड मानक सत्र 2024-25 की जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अंजुल कुमार गुप्ता, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी घनश्याम स्वर्णकार, प्राचार्य डॉ. मनीषा शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। प्राचार्य डॉ. मनीषा शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रदर्शनी में कुल 85 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने विज्ञान, तकनीकी एवं नवाचार आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया। इन मॉडलों में विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि नवाचार, जल संरक्षण, एवं डिजिटल तकनीक जैसे विषयों पर अपने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के पश्चात् चयनित श्रेष्ठ मॉडलों को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी हेतु अनुशंसित किया जाएगा। अतिथियों ने विद्यार्थियों के नवाचार एवं जिज्ञासा की सराहना करते हुए उन्हें विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

बालक पर बंदरों का हमला

नारायणपुर । कस्बे में बंदरों का आतंक इन दिनों इस कदर बढ़ गया है कि लोग घरों से बाहर निकलने में भी भय महसूस करने लगे हैं। शनिवार को बंदरों के झुंड ने एक बालक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल फैल गया। जानकारी के अनुसार भगतपुरा निवासी प्रिंस पुत्र हेमराज प्रजापत शनिवार दोपहर करीब दो बजे स्कूल से आने के बाद घर के चौक में बैठकर खाना खा रहा था। तभी अचानक बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे के हाथ में खाना देखकर बंदर एकाएक आक्रामक हो गए और उसे बुरी तरह काट लिया। इस हमले में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल बालक का उपचार वहां चल रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कस्बे में पिछले कुछ महीनों से बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बंदर दिनभर गलियों, छतों और घरों में झुंड बनाकर घूमते रहते हैं। कई बार ये बंदर घरों में घुसकर खाने-पीने की चीजें उठा ले जाते हैं और बच्चों पर हमला कर देते हैं।

सत्संग महोत्सव के दूसरे दिन संत महापुरुषों ने दिए अमृतमय प्रवचन

रुदावल भरतपुर । रुदावल कस्बे के ढंढार वाले हनुमान मंदिर पर आयोजित 62 वें कार्ष्णि सत्संग महोत्सव में दूसरे दिन रविवार को दूर दराज से आए संत महापुरुषों ने अपने अमृतमय प्रवचनों से श्रद्धालुओं को सत्कर्म एवं भगवत स्मरण के लिए प्रेरित किया। दूसरे दिन की सत्संग वेला का शुभारंभ नंदराम व्यास ने गोपाल विलास के पाठ के द्वारा किया। संत महापुरुषों के अमृतमय प्रवचन सुनने के कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण एवं दूर दराज क्षेत्र के श्रद्धालु महोत्सव में पहुंचे। महोत्सव में रमणरेती धाम के महामण्डलेश्वर स्वामी कार्ष्णि गुरु शरणानन्द महाराज ने बताया कि दुख निवृत्ति का मुख्य साधन भगवत स्मरण है। भगवत् स्मरण के पश्चात् किया गया कर्म सात्विक व सत्कर्म होता है जिससे मनुष्य का श्रेष्ठ प्रारब्ध बनता है और जीवन कल्याणकारी हो जाता है।

खोया पाया

मेरे मकान नम्बर 3MA/436, इन्दिरा गांधी नगर जगतपुरा जयपुर का डिक्लेरेशन लेटर कहीं खो गया। मिलने पर सूचित करें। निशिका लालवानी-9783222298

नाम परिवर्तन

मैं, आर्मी नम्बर 3008480M Rank HAV NARPAT SINGH S/O RAJENDER SINGH R/O VILLAGE BLCHLA (VIJAY NAGAR) TEHSIL MUNDAWAR, ALWAR-301401 मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम RAJVARDHAN SINGH CHOUHAN गलत दर्ज है सही नाम RAJVARDHAN SINGH CHAUHAN है, Vide Affidavit no. CD788141 Dated 29.09.2025

1. I, IC/Army No. 10515597L Rank Sep Name HANSRAJ ANKUR resident of Plot No. 81 Bhawan Nagar Vistar, Harmada Ghati, Ward No. I, Sikar Road, Jaipur, Rajasthan Pin No. 302013
a) That I want to change name of my spouse/dependent from. Sunita to Sunita Sonkaria

आम सूचना

मेरे अभिभाष्यगण श्री ओमप्रकाश सैन पुत्र बद्रीलाल व श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी ओमप्रकाश जाति सैन निवासीगण प्लॉट नं. 45 वार्ड नं. 20 उद्योग नगर, जोबनेर रोड, फुलेरा, जिला जयपुर (राज.) की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र रवि कुमार सैन व पुत्र वधु मोनिका मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं है, तथा आए दिन घर में लडाई झगडे करते है तथा रूपयों की मांग करते है। मेरे अभिभाष्यगण की देखभाल, सेवा सुश्रषा भी नहीं करते है। इसलिए मेरे अभिभाष्यगण अपने पुत्र रवि कुमार सैन व पुत्र वधु मोनिका को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। आज के बाद रवि कुमार सैन व मोनिका का मेरे अभिभाष्यगण की चल-अचल सम्पत्तियों से किसी प्रकार का कोई संबंध व सरोकार नहीं रहेगा। कोई भी व्यक्ति/संस्था यदि मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र रवि कुमार सैन व पुत्र वधु मोनिका से संव्यवहार/लेनदेन आदि करता है या कोई सम्बन्ध बनाता/रखता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।
दिनांक-5.10.2025 **शमीमुल हक, एडवोकेट**
सांभरलेक, मो.नं. 9828297846

राजस्थान उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-7415 दिनांक-27.09.2025

जाहिर आम-सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 32/162 (LIG), का आवंटन श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता पुत्र श्री गणपत राम गुप्ता को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1845 दिनांक 30.04.1993 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 2702 दिनांक 04.12.1999 के द्वारा श्री तुषार आसर पुत्र श्री सुधीर आसर के पक्ष में किया गया। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 21.03.2000 को कर दिया गया।
आवेदक श्री तुषार आसर द्वारा स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर के ऋण राशि का भुगतान समय पर बैंक की शर्तो के अनुसार नही कर पाये तथा उक्त बैंक ने उल्लेखित मकान को Securitization And Reconstruction of Financial Assets And Enforcement of Secrity Interest Act 2002 (54 of 2002) की धारा 13 सपठित नियम 12 Secrity Interest (Enforcement) Rules के अन्तर्गत अपने ऋण की पूर्ण भुगतान के लिये उक्त कानून में अध